Information Scientist Conclave

(Date: 13th August 2024)

दैनिक भास्कर
महेंद्रगढ़ भास्कर 15-08-2024

पुस्तकालय तकनीक और कॅरियर प्रगति पर सूचना वैज्ञानिक सम्मेलन आयोजित

महेंद्रगढ़ | हकेंवि के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा पुस्तकालयों में तकनीकी रुझानों और कॅरियर प्रगति के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक सूचना वैज्ञानिक सम्मेलन आयोजित किया गया।

विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष. सी.एच. ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए पुस्तकालय तकनीक पर चर्चा की। उन्होंने पुस्तकालय सेवाओं में तकनीक का इस्तेमाल करने पर भी जोर दिया। आयोजन में कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की डॉ. लिनी, स्वामी मराठवाड़ा विश्वविद्यालय से डॉ. रंजीत सिंह, असम के नॉर्थ ईस्ट विश्वविद्यालय से कल्लोल दास, पांडिचेरी विश्वविद्यालय से ओलिवर, जेएनयू से जोहान मीर, जम्मू कश्मीर विश्वविद्यालय से डॉ. विक्रम ने लाइब्रेरी आईसीटी रुझानों, पुस्तकालय प्रौद्योगिकी प्रवृत्तियों, करियर प्रगति के मुद्दों और संभावित समाधानों के बारे में चर्चा की।